**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– ऑप्रेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का किया संचार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त होने का लगाया आरोप।
- राज्य में डेढ़ हज़ार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य इसी वित्त वर्ष में होगा शुरू।
- भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की शिमला में लगाई गई एकता प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र।

**अब समाचार विस्तार से...........**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पूरा देश आतंकवाद से लड़ाई में एकजुट और प्रतिबद्ध है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के साहस की प्रशंसा की। उन्होंने उस सटीकता की भी सराहना की जिससे सेना ने सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता..........

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है। उन्होंने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है।*

*ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है। उसने हर हिंदुस्तानी का सर ऊचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने, सीमा पार कर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। वह अद्‌भुत है, ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के अनेक शहरों, छोटे कस्बों और गांवों में तिरंगा यात्राएं आयोजित की गईं जिनमें सशस्त्र बलों के सम्मान में तिरंगा लहराते हुए हज़ारों लोग शामिल हुए।*

*देश के कई शहरों में तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना उसके प्रति वंदन–अभिनंदन करने निकल पडे। कितने ही शहरों में सिविल डिफेंस वॉलंटियर बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए। ऑप्रेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया।*

*21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ये दिवस हमें दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की याद दिलाता है।*

*21 जून 2015 में 'योग दिवस' की शुरुआत के बाद से ही इसका आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। इस बार भी 'योग दिवस' को लेकर दुनिया–भर में लोगों का जोश और उत्साह नजर आ रहा है। ऐसी बहुत ही तस्वीरें हैं जहां एक साथ चार जनरेशन मिलकर योग कर रही हैं। बहुत से लोगों ने अपने शहर की आइकॉनिक प्लेसिस को योग के लिए चुना। आप भी इस बार कुछ इंट्रस्टिंग तरीके से योग दिवस मनाने के बारे में सोच सकते हैं।*

*प्रधानमंत्री ने कुछ स्कूलों में लगाए जा रहे शुगर बोर्ड का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सी.बी.एस.ई. की इस अनोखी पहल का उद्‌देश्य बच्चों को उनके शुगर इंटेक के प्रति जागरूक करना है।*

*सीबीएसई की इस अनोखी पहल का उद्देश्य है। बच्चों को उनके शुगर इंटेक्ट के बारे में जागरूक करना। कितनी चीनी लेनी चाहिए और कितनी चीनी खाई जा रही है यह जानकर बच्चे खुद से ही हेल्दी विकल्प चुनने लगे हैं। ये एक अनोखा प्रयास है, और इसका असर भी बडा पॉजिटिव होगा। बचपन से ही स्वस्थ जीवन शैली की आदतें डालने में ये काफी मददगार साबित हो सकता है।*

*प्रधानमंत्री ने देश के प्रत्येक नागरिक से भारत में बने उत्पादों को ही प्राथमिकता देने का आग्रह किया।*

रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

**भाजपा**

इधर, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने राजधानी शिमला के कैथू जबकि विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मिडल बाज़ार में मन की बात कार्यक्रम को सुना। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये कार्यक्रम देश और दुनिया भर में लोगों के साथ संवाद का एक अनूठा मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हर बार कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

**कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार पारम्परिक मेलों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। कांगड़ा ज़िले में इंदौरा के मदोली में आज एक मेले के समापन पर उन्होंने कहा कि मेलों के आयोजन से न केवल हमारी सांस्कृतिक परम्पराओं को बल मिलता है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलती है। कृषि मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार ऐसे आयोजनों के लिए सहयोग देती रहेगी।

**जगत सिंह**

राजस्व और बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि किन्नौर ज़िला में लॉन टैनिस खेल को बढ़ावा दिया जाएगा। रिकांगपिओ में आज लॉन टैनिस प्रशिक्षण शिविर के समापन पर उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश सहित जनजातीय ज़िलों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। इस बीच, जगत सिंह नेगी ने निरमण्ड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र जगातखाना का दौरा किया। उन्होंने प्रभावितों से मुलाकात की और अधिकारियों को राहत कार्यों को लेकर दिशा–निर्देश दिए।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह डूबी हुई है और राज्य में कानून व्यवस्था भी चरमरा गई है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विमल नेगी मौत मामले की जांच उच्च न्यायालय द्वारा सी.बी.आई. को सौंपने के बाद पुलिस विभाग में घमासान मचा हुआ है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एस.पी. शिमला अपने ही डी.जी.पी. पर गम्भीर आरोप लगा रहे हैं जो अनुशासनात्मक है। उन्होंने कहा कि अफसरशाही में मचे इस घमासान के बाद सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

**हर्ष महाजन**

दूसरी ओर, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि प्रदेश सरकार की नीयत ठीक नहीं है जिससे राज्य में अराजकता का माहौल है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि सरकार की नाकामी से प्रदेश में अधिकारी व पुलिस बेलगाम है। हर्ष महाजन ने कहा कि प्रदेश को बचाने के लिए जल्द से जल्द इस सरकार को हटाने की ज़रूरत है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में डेढ़ हज़ार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य इसी वित्त वर्ष में शुरू किया जाएगा। राजधानी शिमला के कच्ची घाटी में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इन सड़कों का हस्तांतरण लोक निर्माण विभाग के तहत होते ही कार्य आरम्भ हो जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि दलगत राजनीति से हट कर प्रदेश हित में कार्य करना उनकी प्राथमिकता है। इससे पहले उन्होंने कच्ची घाटी में व्यापार मण्डल कार्यालय का भी शुभारम्भ किया।

**पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चम्बा ज़िले के भटियात क्षेत्र में आज 2 करोड़ 92 लाख रूपए की लागत से निर्मित जोलना–भटेड़–कोटला संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भटियात क्षेत्र में 38 से अधिक संपर्क सड़कों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि जुलाई 2027 तक भटियात के सभी गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य है।

**प्रदर्शनी**

भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा शिमला के रिज मैदान पर लगाई गई एकता प्रदर्शनी इन दिनों आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इस प्रदर्शनी में देशभर के स्वयं सहायता समूहों और शिल्प उद्यमियों

द्वारा बनाए गए वस्त्र व हस्तशिल्प उत्पादों के 70 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों की सांस्कृतिक विविधता और हस्तशिल्प का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। कल 26 मई को प्रदर्शनी का अंतिम दिन है।

## प्रतियोगिता

मण्डी में ज़िलास्तरीय राईफल शूटिंग प्रतियोगिता आज शुरू हुई। ये प्रतियोगिता प्रदेश राईफल एसोसिएशन के मार्गदर्शन में ज़िला राईफल शूटिंग एसोसिएशन द्वारा करवाई जा रही है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इसका शुभारम्भ किया। इस दो दिवसीय स्पर्धा में मण्डी ज़िले के सौ से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

## रक्तदान

स्वयं सेवी संस्था उमंग फाउंडेशन ने आज शिमला के रिज मैदान पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। ये शिविर ऑप्रेशन सिंदूर में शामिल सेना जवानों को सम्मान देने और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लगाया गया। शिविर में करीब 76 लोगों ने रक्तदान किया।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों में व्यापक वर्षा हुई है। ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर वर्षा के साथ ओलावृष्टि का भी समाचार है। मौसम के इस मिजाज़ से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने 27 से 30 मई तक कुछ स्थानों पर वर्षा, तूफान व ओलावृष्टि की चेतावनी दी है।

## योजना

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए आज मण्डी ज़िले की सभी पंचायतों में ग्राम सभाएं आयोजित की गई। इन ग्राम सभाओं में उन लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान किया गया जिनकी किश्तें तकनीकी कारणों से लंबित हैं। ज़िले में कल 26 मई को पटवार वृत्त स्तर पर भी किसान सम्मान योजना को लेकर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– ऑप्रेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का किया संचार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त होने का लगाया आरोप।
- राज्य में डेढ़ हज़ार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य इसी वित्त वर्ष में होगा शुरू।
- भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की शिमला में लगाई गई एकता प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र।